an>

title: Need to provide stoppage of all express and mail trains at Adityapur railway station in Singhbhum Palriamentary Constituency, Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) ः नियम 377 के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में आदित्यपुर रेलवे स्टेशन है, जहां पर कोई भी एक्सप्रेस रेल सेवा एवं मेल रेल गाड़ियों का ठहराव नहीं है। जबकि आदित्यपुर पूरे एशिया का एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां पर 1000 से अधिक लघु उद्योग कार्यरत हैं और 300 के करीब का निर्माण हो रहा है। यह क्षेत्र बड़ी तेजी के साथ औद्योगिक रूप से विकसित हो रहा है और इस रेलवे स्टेशन पर लोगों का आवागमन समय के साथ बढ़ रहा है। आदित्यपुर में रोजी-रोटी कमाने के लिए कई मजदूर ओडिसा, प. बंगाल, बिहार एवं उत्तर प्रदेश से आते हैं। एक ओर तो हम औद्योगिक विकास पर जोर दे रहे हैं, दूसरी ओर इस औद्योगिक नगरी वाले आदित्यपुर में एक भी एक्सप्रेस और मेल रेलगाड़ी का ठहराव नहीं है। जिससे इस क्षेत्र का विकास बड़ी धीमी गति से हो रहा है। आदित्यपुर का औद्योगिक विकास द्रुत गति से हो सकेगा।

सरकार से अनुरोध है कि आदित्यपुर रेलवे स्टेशन पर यहां से गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस, मेल रेल गाड़ियों का ठहराव दिया जाए।